दिन–शुक्रवार दिनांक– 06/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जातीय गणना के जारी आंकड़ों पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायामूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने जातीय गणना पर रोक संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये कहा कि राज्य सरकार को नीति बनाने या काम करने से नहीं रोका जा सकता है। न्यायालय सिर्फ नीतियों की समीक्षा कर सकता है। अब इस मामले की सुनवाई अगले वर्ष जनवरी महीने में होगी।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार की संविदा आधारित नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को अरक्षण का लाभ मिलेगा। आज सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका की सुनवाई के दौरान केन्द्र ने कहा कि पैंतालीस दिन या इससे अधिक की संविदा आधारित नौकरियों में आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। केन्द्र की ओर से बताया गया कि सभी मंत्रालय और विभागों को आरक्षण का लाभ देने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में आंतकवाद से जुड़ी घटनाओं की सुनवाई जल्द करने के लिए पटना व्यवहार न्यायालय में एक विशेष अदालत का गठन किया गया है। राज्य सरकार ने पटना हाईकोर्ट के परामर्श के बाद विशेष अदालत का गठन किया है। इसका क्षेत्र पूरा बिहार होगा। इस विशेष एटीएस कोर्ट में आतंकवाद निरोधी दस्ता के थानों में दर्ज होने वाले सभी मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे पहले इन मामलों की सुनवाई विभिन्न जिलों की अदालतों में सामान्य कांडों की तरह ही होती थी।

———————————————————————————

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के सभी शिक्षक संघों ने आज काम का बहिष्कार किया है। इसे देखते हुये विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज होने वाली सभी परीक्षाओं और मूल्यांकन कार्यों को भी स्थगित कर दिया है। कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार संजय कुमार, वित्तीय सलाहकार जयप्रकाश शर्मा और वित्त पदाधिकारी विनोद कुमार के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की प्राथमिकी दर्ज होने के कारण शिक्षक संघ प्रदर्शन कर रहे हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में आपदाओं के दौरान आपातकालीन संचार को बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। आईटीएस प्रौद्योगिकी के निदेशक विनोद शर्मा ने बताया कि देश के नागरिकों और समुदायों की सुरक्षा के लिये प्रत्येक दूरसंचार सेवा प्रदाता पर सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि परीक्षण अवधि के दौरान लोगों को मोबाइल उपकरणों पर बनावटी आपातकालीन अलर्ट प्राप्त हो रहे हैं। सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है, जो एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के भीतर सभी मोबाईल उपकरणों पर आपदा प्रबंधन के लिए संदेश भेजने की अनुमति देता है।

———————————————————————————

राज्य में मॉनसून के लौटने की अनुकूल स्थितियां बनने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया नंदनगढ़ में सबसे अधिक छियालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ चौवालीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ उनासी नए मामले मिले हैं। इधर, सारण जिले में बीस, भागलपुर में उन्नीस, नवादा में सत्रह और मुंगेर में सोलह नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या आठ हजार से अधिक हो गयी है।

———————————————————————————

एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक इक्कीस स्वर्ण, बत्तीस रजत और छत्तीस कांस्य पदक समेत कुल नवासी पदक जीते हैं। पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर बना हुआ है।

———————————————————————————

सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर नूर स्थित सूर्य देव सिंह महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों ने गोलीबारी की जिसमें कॉलेज के प्राचार्य और गार्ड घायल हो गये हैं।

———————————————————————————

शिवहर जिला आज अपना उनतीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।